

हमने एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में वास्तव में खराब बल्लेबाजी की, हम पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। गेंदबाजों ने जिस तरह से वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया। - अजिंक्य रहाणे

केकेआर के कप्तान, पंजाब किंग्स से मिली हार पर बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी** ▶ **मयंक यादव**



लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आईपीएल 2025 का सफर उतार-चढ़ाव भरा रहा है। ऋषभ पंत की कप्तानी में लखनऊ सुपर जायंट्स ने अभी तक खेले 7 मैचों में चार जीत दर्ज की हैं। तेज गेदंबाजी में शार्दुल ठाकुर के अलावा लखनऊ के लिए कोई अन्य गेंदबाज अधिक प्रभावी साबित नहीं हुआ है। इस बीच लखनऊ के लिए अच्छी खबर ये है कि, मंयक यादव ने लखनऊ टीम के ट्रेनिंग कैम्प को जॉइन कर लिया है। वहीं कहा जा रहा है कि मयंक आने वाले शनिवार के दिन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में खेलते हुए दिख सकते हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** आईपीएल में दोनों टीमों के बीच 29 मुकाबले खेले जा चुके हैं। इसमें 15 जीत के साथ राजस्थान रॉयल्स की टीम थोड़ा आगे है। दूसरी तरफ दिल्ली कैपिटल्स ने 14 जीत दर्ज की है।

## सुरुचि ने स्वर्ण, मनु भाकर ने रजत और सौरभ ने जीता कांस्य पदक

लीमा, 16 अप्रैल। भारतीय निशानेबाज सुरुचि सिंह और मनु भाकर ने मंगलवार को पेरू में आईएसएसएफ विश्व कप 2025 में जहां महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में



क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते। वहीं सौरभ चौधरी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। सुरुचि सिंह ने मंगलवार को फाइनल मुकाबला जीतने के लिए कुल 243.6 अंक हासिल किए और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर को शिकस्त दी, जो 242.3 अंक के साथ दूसरे स्थान पर रहीं। जबकि पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की याओ कियानक्सुन ने 219.5 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। यह सुरुचि सिंह का विश्व कप में दूसरा स्वर्ण पदक है। उन्होंने पिछले सप्ताह आईएसएसएफ विश्वकप 2025 ब्यूनस आयर्स में महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल शूटिंग स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया था। पिछले वर्ष नई दिल्ली में शूटिंग नेशनल्स में सात स्वर्ण जीतने वाली सुरुचि ने ब्यूनस आयर्स में फाइनल में 244.6 का स्कोर बनाकर पहला विश्व कप पदक अपने नाम किया। सुरुचि सिंह और सौरभ चौधरी ने ब्यूनस आयर्स में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में कांस्य पदक भी जीता था।578 अंकों के साथ क्वालिफिकेशन में सातवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाने वाले सौरभ चौधरी ने पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में कुल 219.1 अंक हासिल कांस्य पदक अपने नाम किया। इस प्रतिस्पर्धा में चीन के हू काई ने स्वर्ण और ब्राजील के फेलिप अल्मेडा वू ने रजत पदक मिला।

## जांच में नहीं पास हुआ नारायण और एनरिक नाटर्जे का बल्ला

मुल्लांपुर, 16 अप्रैल। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेले गये मुकाबले में सुनील नारायण और एनरिक नाटर्जे



का बल्ला जांच में फेल रहा। आईपीएल के 31वें मुकाबले में मंगलवार को रिजर्व अंपायर सैय्यद खालिद ने कोलकाता नाइट राइडर्स की पारी शुरु होने पर सलामी बल्लेबाज नारायण का बल्ला जांचा गया। जांच के दौरान बल्ले की चौड़ाई को एक गेज के बीच से गुजारा गया। उनका बल्ला सबसे मोटा हिस्सा गेज को पार करने में विफल रहा। इस दौरान खालिद ने नारायण के साथ खड़े रघुवंशी का बल्ला भी गौर से देखा। रघुवंशी का बल्ला इस जांच में पास रहा। पहली पारी के दौरान तीन ओवर में 14 रन देकर दो विकेट लेने वाले नारायण ने अपनी पारी में चार गेंदों में पांच रन बनाए। वहीं रघुवंशी केकेआर की ओर से 28 गेंदों में 37 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे। केकेआर की ओर से नॉटर्जे अंतिम बल्लेबाज के रूप में मैदान में उतरे लेकिन वह जिस बल्ले के साथ मैदान में उतरे थे उसे वापिस भेज दिया गया क्योंकि टीवी कॉमेंटेटर्स के अनुसार अंपायर्स मोहित कृष्णदास और साईदर्शन कुमार की जांच में उनका बल्ला फेल हो गया। यह घटना 16वें ओवर में हुई, इसके बाद सब्सिट्यूट रहमानउल्लाह गुरबाज नॉटर्जे के लिए अतिरिक्त बल्ले लेकर आएं। हालांकि वह इस बल्ले से एक भी गेंद नहीं खेल पाये स्ट्राइक पर खड़े आंद्रे रसल अगली ही गेंद पर बोल्ड आउट हो गये। उल्लेखनीय है कि नियमों के अनुसार किसी भी बल्ले की चौड़ाई 10.79 सेमी, मोटाई 6.7 सेमी, किनारे की चौड़ाई चार सेमी तथा लंबाई 96.4 सेमी से अधिक नहीं होनी चाहिए।

## मोहन बागान सुपर जायंट्स ने जीती ट्रॉफी, फाइनल में बैंगलुरू एफसी को हराया

नई दिल्ली, 16 अप्रैल। मोहन बागान सुपर जायंट्स ने इतिहास रच दिया है। दरअसल, टीम ने इंडियन सुपर लीग 2024-25 का खिताब अपने नाम किया है। इस दौरान मोहन बागान ने बैंगलुरु एफसी को हराया है। उसने ये मुकाबला 2-1 से जीता। वहीं मोहन बागान संजीव गोयनका की टीम है। इस जीत के साथ ही आईपीएल टीम लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टीम को बधाई दी है।आईएसएल के इस सीजन का फाइनल मैच कोलकाता के साल्ट लेक स्टेडियम में खेला गया। मोहन बागान ने फाइनल मैच के फर्स्ट हाफ से ही आक्रामक खेल दिखाया। टीम के दमदार खिलाड़ी दिमिक्षी पेट्राटोस ने 29वें मिनट में गोल करके बढ़त दिला दी। इसके जवाब में बैंगलुरु ने भी करारा जवाब दिया। लेकिन वे पहले हाफ में एक भी गोल नहीं कर सके। मोहन बागान के गोलकीपर विशाल कैथी ने इस दौरान कमाल का प्रदर्शन किया।बैंगलुरु एफसी ने दूसरे हाफ में वापसी की। सुनील छेत्री ने टीम को बराबरी पर पहुंचा दिया। छेत्री ने 62वें मिनट में हेडर के जरिए गोल दागा था। उसके लिए जेसन कमिंस ने 78वें मिनट में गोल करके बढ़ दिला दी। इस तरह मोहन बागान ने मुकाबला 2-1 से जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया।



# दिल्ली ने राजस्थान को सुपर ओवर में हराया

### राहुल-स्टब्स ने संदीप के ओवर में 12 रन बनाए

नई दिल्ली, 16 अप्रैल। दिल्ली कैपिटल्स ने बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स को सुपर ओवर में हराया। दिल्ली कैपिटल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अरुण जेटली स्टेडियम में 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 188 रन बनाए, इसके जवाब में राजस्थान रॉयल्स की टीम भी 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 188 रन बना सकी। सुपर ओवर में राजस्थान रॉयल्स की टीम ने 5 गेंद में 11 रन बनाए। उसके दोनों बल्लेबाज रन आउट हुए। दिल्ली ने चौथी गेंद पर ही टारगेट हासिल करके जीत हासिल की।

189 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान रॉयल्स की टीम को संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल ने अच्छी शुरुआत दिलाई। हालांकि 31 के निजी स्कोर पर वह चोट के कारण रिटायर्ड हर्ट हो गए। संजू ने 19 गेंद में 31 रन बनाए। रियान पराग 11 गेंद में 8 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी जायसवाल ने 37 गेंद में 51 रन की पारी खेली। ध्रुव जुरेल 17 गेंद में 26 रन बनाकर रन आउट हुए। हेटमायर ने 9 गेंद में 15 रन बनाए।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स की टीम को तीसरे ओवर में पहला झटका लगा। फ्रेजर मैक्गर्क 6 गेंद में 9 रन ही बना सके। करुण नायर रन आउट होकर पवेलियन लौटे। केएल राहुल और अभिषेक पोरेल के बीच तीसरे विकेट के लिए 63 रन की साझेदारी हुई। राहुल 32 गेंद में 38 रन बनाकर आउट हुए। अभिषेक पोरेल 37 गेंद में 49 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान अक्षर पटेल ने 14 गेंद में 34 रन बनाए। ट्रिस्टन स्टब्स 18 गेंद में 34 रन और आशुतोश 11 गेंद में 15 रन बनाकर नाबाद लौटे। राजस्थान की ओर से जोफ्रा आर्चर ने दो, तीक्षणा और हसरंगा ने 1-1 विकेट लिया।

## लॉस एंजलिस 2028 ओलंपिक में पोमोना का मेला ग्राउंड करेगा क्रिकेट की मेजबानी

लॉस एंजिल्स, 16 अप्रैल। अमेरिका में दक्षिण कैलिफोर्निया के पोमोना का मेला ग्राउंड लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 में क्रिकेट प्रतियोगिता की मेजबानी करेगा। लॉस एंजिल्स 2028 की आयोजन समिति ने मंगलवार को बताया कि लॉस एंजिल्स से 50 किमी पूर्व में स्थित पोमोना मेला ग्राउंड में विशेष रूप से निर्मित अस्थायी स्थल पर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह 500 एकड़ परिसर, 1922 से लॉस एंजिल्स काउंटी मेले की मेजबानी करता रहा है। क्रिकेट प्रतियोगिता में महिला और पुरुष वर्ग की छह-छह टीमें भाग लेंगी और इसके लिए 90 एथलीट का कोटा निर्धारित किया गया। प्रत्येक टीम में 15 सदस्य होंगे। आईसीसी के अध्यक्ष जय शाह ने कहा, हम लॉस एंजिल्स 2028 में क्रिकेट के आयोजन स्थल की घोषणा का स्वागत करते हैं क्योंकि यह हमारे खेल की ओलंपिक में वापसी की तैयारी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष अमेरिका और कैरिबियन देशों में आयोजित हुए पुरुष के टी-20 विश्वकप के दौरान, न्यूयॉर्क में एक पॉप-अप स्टेडियम बनाया गया था। इसमें भारत-पाकिस्तान के मैच खेले गये थे। लॉडरहिल में सेंट्रल ब्रोवार्ड स्टेडियम और टेक्सास में ग्रैंड प्रेयरी स्टेडियम का भी इस्तेमाल किया गया था।

## 112 रनों के लक्ष्य का बचाव करना मेरे आईपीएल कोचिंग करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत : पोंटिंग

मुल्लांपुर, 16 अप्रैल। पंजाब किंग्स के मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा कि उनकी टीम ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) इतिहास के सबसे छोटे 112 रनों लक्ष्य का बचाव एक रिकॉर्ड है और यह उनके कोचिंग करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत है। उल्लेखनीय है कि कोलकाता नाइट राइडर्स मंगलवार को पंजाब किंग्स के 112 रन के छोटे से लक्ष्य को भेदने में असफल रही और 95 रन के स्कोर पर पूरी टीम पवेलियन लौट गयी। पंजाब किंग्स ने 16 रनों से जीत हासिल की थी। पोंटिंग ने इस जीत को 'सीजन का सबसे महत्वपूर्ण क्षण' बताते हुए कहा, अभी भी मेरे हृदय की गति बढ़ी हुई है। शायद यह 200 से ऊपर का होगी। 50 की उम्र में मैं ऐसे मैच और नहीं चाहता। यह दिखाता है कि क्रिकेट कितना मजेदार खेल है।

## आईपीएल 2025 पर फिक्सिंग का साया, बीसीसीआई ने खिलाड़ियों और स्टाफ को सावधान रहने की दी चेतावनी



नई दिल्ली, 16 अप्रैल। बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 की सभी 10 टीमों को चेतावनी दी है। दरअसल, चेतावनी में ये बताया गया है कि हैदराबाद का एक बिजनेसमैन गैरकानूनी काम करवाने के लिए लोगों से संपर्क कर रहा है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बीसीसीआई ने सभी क्रिकेटर्स, कोच, कमेंटेटर और सपोर्ट स्टाफ को भी इस बिजनेसमैन से सावधान रहने की चेतावनी दी है। बताया गया है कि ये बिजनेसमैन कई सारे बुकी के संपर्क में है। ये व्यक्ति टूर्नामेंट में लोगों को महंगे महंगे गिफ्ट देकर अपनी बात मनवाता है।क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार ये बिजनेसमैन आमतौर पर सबसे पहले टीम मालिक, खिलाड़ी, कोच, सपोर्ट स्टाफ और यहां तक कि कमेंटेटरों के परिवार के सदस्यों के संपर्क में आने का प्रयास करता है। एंटी करप्शन यूनिट का मानना है कि ये व्यक्ति पहले भी गैरकानूनी गतिविधियों से सम्मिलित रहा है। साथ ही रिपोर्ट में कहा गया है कि, हैदराबाद का ये बिजनेसमैन मैदानों में फैन बनकर आईपीएल में भाग ले रहे खिलाड़ियों कोच और कमेंटेटर्स से संपर्क साधने का प्रयास कर रहा है। उसे टीमों के होटल, मैदान में भी देखा जा चुका है। वो खिलाड़ियों और स्टाफ को प्राइवेट पार्टी में आमंत्रित करता है और ज्वेलरी समेत कई मंहगे-महंगे गिफ्ट देता है। बोर्ड ने इस संदर्भ में आईपीएल 2025 में भाल ले रही सभी टीमों और उनके लिए खेल रहे खिलाड़ियों से साथ मांगा है। बीसीसीआई मैच फिक्सिंग जैसी घटनाओं के बिल्कुल खिलाफ है और क्रिकेट की अखंडता को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है।

## टीम इंडिया ने कैसे जीती चैंपियंस ट्रॉफी : रोहित ने माइकल क्लार्क के सामने किया खुलासा



नई दिल्ली, 16 अप्रैल। भारतीय वनडे टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में भारतीय टीम को मिली हार के बाद उसके रिवावल को लेकर खुलकर बात की है। उन्होंने ये भी बताया है कि कैसे खराब दौर में भी टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब अपने नाम किया। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कप 2023 फाइनल की हार ने उन्हें और उनकी टीम को ट्रॉफी जीतने के लिए सबसे ज्यादा प्रेरित किया।ऑस्ट्रेलियाई पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क के क्रिकेट पॉडकास्ट बियॉन्ड 23 क्रिकेट पॉडकास्ट पर रोहित ने टीम इंडिया के चैंपियन बनने को लेकर खुलकर बात की है। क्लार्क ने टूर्नामेंट में जसप्रीत बुमराह की कमी खलने के बारे में भी पूछा। जिस पर रोहित शर्मा ने कहा कि, टूर्नामेंट शुरू होने से पहले हमें कई उतार-चढ़ाव से गुजरना पड़ा। न्यूजीलैंड और फिर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में हमारा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा जिस कारण हम चीजों को वापस मोड़ना चाहते थे। हम वापसी करना चाहते थे।

## बीसीसीआई को महिला टीम के लिए मुख्य फिजियोथेरेपिस्ट, कोच की तलाश

बेंगलुरु, 16 अप्रैल। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को भारतीय सीनियर महिला टीम के लिए मुख्य फिजियोथेरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किये हैं। बीसीसीआई ने बैंगलुरु में स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में मुख्य फिजियोरेपिस्ट और स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच के लिए आवेदन मांगे है। चयन के बाद कोच और मुख्य फिजियोरेपिस्ट को मैचों और टूर्नामेंटों के दौरान सीनियर महिला टीम के साथ यात्रा करना भी आवश्यक है। मुख्य फिजियोथेरेपिस्ट आवेदकों के पास खेल या मस्कुलोस्केलेटल फिजियोथेरेपी में स्नातकोत्तर योग्यता के साथ ही कम से कम 10 साल का अनुभव होना अनिवार्य है। महिला टीम के कोच के लिए बीसीसीआई सीओई लेवल 2 कोच (या समकक्ष) जिसके पास हाई-परफॉरमेंस सेंटर/इंटरनेशनल/इंडिया ए/इंडिया अंडर-19/इंडिया महिला/आईपीएल टीम के साथ कम से कम तीन साल (पिछले 7 वर्षों में) क्रिकेट कोचिंग का शानदार ट्रैक रिकॉर्ड होना चाहिए।

### राजस्थान अंडर-14 टीम घोषित

## खुशवर्धन सिंह कप्तान व कौस्तु बधनकड़ उपकप्तान होंगे



जयपुर, 16 अप्रैल ।आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक व विधायक जयदीपबिहाणी के अनुसार मध्य क्षेत्र राज सिंह डूंगरपुर अंडर14 टॉफी हेतु राजस्थान अंडर 14 टीम का चयन राजस्थान जूनियर चयन कमेटी ने किया।बिहाणीने बताया की मध्य क्षेत्र राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी में भाग लेने वाली राजस्थान टीम के संभावितों के चयन हेतु जयपुर में राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित किये गए अंडर 14 प्रशिक्षण शिविर व मैचों में शानदार प्रदर्शन करने वाले खिलाडियों का चयन आरसीए जूनियर चयन कमेटी ने किया।

आगामी 20 अप्रैल से देहरादून में आयोजित होने वाली मध्य क्षेत्र अंडर 14 राज सिंह डूंगरपुर ट्रॉफी में मेजबान उत्तराखंड , राजस्थान , मध्य प्रदेश , उत्तर प्रदेश , छत्तीसगढ़ व विधर्भ राज्यों की टीम भाग लेगी।

**अंडर 14 मध्य क्षेत्र राज सिंह डुंगरपुर ट्रॉफी हेतु घोषित राजस्थान टीम :** खुषवर्धन सिंह चौहान (कप्तान), कौस्तुबधनकड़ ( उपकप्तान), वशिष्ट शर्मा ( विकेट कीपर ), अभिमानु चौधरी, अनमोल, गौरव डागर, हिमांशु जणवा, कृष्णाचौधरी, लक्ष्यमराठौर, माधव गोपाल गौतम, निधीश राज, रिहानखान, रेयानसेबेस्टियन, सचिन मीणा, विवेक बगड़ी, यतीश जोहरर।


**सुरक्षित खिलाडी :** अथर्व मालू, शौर्य प्रताप सिंह, यशवंत सिंह, दक्ष सेठिया।सपोर्ट स्टाफ : धीरज शर्मा - हेड कोच व मैनेजर, रवि प्रकाश - कोच, अज़हरुद्दीन - कोच, आकाश वशिष्ठ - फिजियो, लोकेन्द्र सिंह - ट्रेनराटीम दिनांक 17 अप्रैल को देहरादून के लिए प्रस्थान करेगी।

### 27वीं नवीन-नफीस ईनामी राशि लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता

## सचिन 7/7 विकेट की घातक गेंदबाजी की बदौलत बाउंड्री ब्रेकर 7 विकेट से विजय

जयपुर, 16 अप्रैल। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज डॉ. सोनी क्रिकेट ग्राउण्ड कालवाड़ रोड़, पर खेले गये पूल-डी के मैच में सचिन चौधरी 7 रन पर 7 विकेट की नायाब गेंदबाजी तथा अफरोस खान 61 रन नाबाद की अद्धर्शतकीय पारी की बदोलत बाउण्ड्री ब्रेकर क्रिकेट एकेडमी ने नारायणा क्रिकेट एकेडमी को 7 विकेट से हराकर 2 अंक अर्जित किये।





टॉस जीतकर बाउण्ड्री ब्रेकर क्रिकेट एकेडमी ने पहले क्षेत्ररक्षण करते हुये नारायणा क्रिकेट एकेडमी को पहले बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया नारायन क्रिकेट एकेडमी की ओर से रावजीर सिंह 56 रन राजेश दामोर 39 रन तथा मनीष 24 रन की पारियों के बावजूद सचिन चौधरी 7 रन पर 7 विकेट ने उनकी पारी पर लगाम लगाते हुये स्कोर 20 ओवर में 9 विकेट पर 140 रन तक सिमीत कर दिया। जवाबी पारी में अफरोस खान 61 रन नाबाद (48 गेंद, 9 चौके), प्रतीर व्रन्जानी 27 रन, कौस्तूभ बढाना 26 रन, रजत गुजराती 13 रन नाबाद ने मिलकर विजय लक्ष्य 142 रन 3 विकेट खोकर 17.5 ओवर में हासिल कर 7 विकेट से जीत हासिल कर ली, नारायण एकेडमी की ओर से भूवन बागवान, राजवीर सिंह व रोहित चौधरी प्रत्येक 1-1 विकेट लेकर सफल गेंदबाज रहें। मैन ऑफ दा मैच सचिन चौधरी 7 रन 7 विकेट लेकर बाउण्ड्री ब्रेकर क्रिकेट एकेडमी रहे।

## वर्ल्ड कप के स्वर्ण पदक विजेता मुकेश चौधरी व कोच राजेश टेलर को दी बधाई



जयपुर, 16 अप्रैल। अंतर्राष्ट्रीय वुशू महासंघ के तत्वावधान में दिनांक 06 से 10 अप्रेल 2025 तक जियांगियन, चीन में आयोजित हुई, 10वी वर्ल्ड कप वुशू प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी मुकेश चौधरी, हीरानंद कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ व राजस्थान राज्य क्रीड़ा में कार्यरत वुशू कोच राजेश कुमार टेलर ने आज सवाई मानसिंह स्टेडियम में डॉ नीरज के. पवन, शासन सचिव, युवा मामले एवम् खेल विभाग एवम् अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् से मुलाकात की। हीरानंद कटारिया अध्यक्ष, राजस्थान वुशू संघ ने बताया की डॉ नीरज के. पवन, शासन सचिव, युवा मामले एवम् खेल विभाग एवम् अध्यक्ष राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद् ने वर्ल्ड कप में स्वर्ण जीतने पर मुकेश चौधरी व उसके कोच राजेश कुमार टेलर को बधाई दी तथा भविष्य में आने वाली प्रतियोगिताओ के लिए शुभकामनाएं प्रदान की।

## फिनोवा कैपिटल ने आईपीएल 2025 के लिए ऑफिशियल पार्टनर के रूप में राजस्थान रॉयल्स के साथ हाथ मिलाया

जयपुर, 16 अप्रैल। भारत की अग्रणी एनबीएफसी में से एक फिनोवा कैपिटल को मौजूदा आईपीएल 2025 सीज़न के लिए ऑफिशियल पार्टनर के रूप में राजस्थान रॉयल्स के साथ पार्टनरशिप की घोषणा करते हुए गर्व महसूस कर रही है।

यह पार्टनरशिप फिनोवा कैपिटल के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। इसकी मदद से फिनोवा राजस्थान रॉयल्स की व्यापक पहुंच और प्रभाव का लाभ उठाकर भारत भर के समुदायों के साथ गहन जुड़ाव को बढ़ावा देना चाहता है। इस सहयोग के माध्यम से फिनोवा कैपिटल छोटे व्यवसाय मालिकों की प्रेरक यात्राओं को आगे बढ़ाएगा, वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देगा और देश के विकास को बढ़ावा देने वाली उद्यमशीलता की भावना का जश्न मनाएगा। ये पहल देश भर में समावेशी विकास को बढ़ावा देने और उद्यमियों को सशक्त बनाने के फिनोवा के मुख्य मिशन को दर्शाएगी।

इस पार्टनरशिप पर बोलते हुए फिनोवा कैपिटल के संस्थापक और सीईओ मोहित साहनी ने कहा "फिनोवा में हम हर सपने की क्षमता को अनलॉक करने में विश्वास करते हैं। चाहे वह भविष्य का निर्माण करने वाला एक छोटा व्यवसाय मालिक हो या अपने लक्ष्यों का पीछा करने वाला एक युवा एथलीट हो। राजस्थान रॉयल्स के साथ साझेदारी यह एक ऐसा ब्रांड जो हमारे लचीलेपन और महत्वाकांक्षा की भावना को शेयर करता है, हमें अपने प्रयासों को बढ़ाने और एक सार्थक प्रभाव बनाने के लिए एकदम सही मंच देता है।"

इसके अलावा राजस्थान रॉयल्स के मुख्य व्यवसाय अधिकारी आलोक चित्रे ने कहा "हम फिनोवा कैपिटल के रॉयल्स परिवार में शामिल होने से बहुत उत्साहित हैं। यह साझेदारी वास्तविक अवसरों के निर्माण में साझा विश्वास पर आधारित है। क्रिकेट की भावना के माध्यम से और उससे परे भी। यह पार्टनरशिप हमारे लिए अपने फैंस से जुड़ने और उद्यिमयों और युवाओं को प्रेरित करने के लिए रोमांचक नए तरीके खोलती है।"

मोहित साहनी ओर सुनीता साहनी द्वारा 2015 में स्थापित, फिनोवा कैपिटल का तेजी से विकास हुआ है। 16 राज्यों में 450 से अधिक शाखाओं का संचालन, समावेशी वित्तीय प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए समाधान इस साझेदारी के माध्यम से फिनोवा कैपिटल वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान रॉयल्स के शक्तिशाली मंचों का लाभ उठाएगी और पूरे भारत में छोटे व्यवसाय मालिकों की प्रेरक यात्रा को बढ़ावा देने के लिए राजस्थान रॉयल्स के शक्तिशाली प्लेटफार्मों का लाभ उठाएगी। इस सहयोग में उद्यमशीलता की भावना और लचीलेपन का जश्न मनाने के उद्देश्य से डिजिटल अभियान, कहानी कहने की सामग्री और जमीनी स्तर पर सक्रियण शामिल होंगे।


**कार्यालय विद्युत नगर निगम कोटा उत्तर (राज0)**

क्रमांकः-ननिको उ./वि0/2025/08-14 दिनांक 09.04.2025

**-: ई-निविदा सूचना :-**

नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा किसी भी सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी विभागों में निम्न कार्य को करने वाले अनुभवी संवेदकों से ई-निविदा पद्धती से ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित राशि, निविदा बेचे जाने, प्राप्त करने, अन्य शर्ते एवं जानकारी निगम वेबसाईट www.kotamc.org, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

(अनुमानित राशि 38.92 लाख रूपयें)

NIB Code – DLB2526A0364

UBN – DLB2526WSRC01486

राज.संवाद/सी/25/812

अधिशाषी अभियंता (वि0) नगर निगम कोटा उत्तर

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता (झोटवाडा जोन) नगर निगम, ग्रेटर जयपुर**

(सामुदायिक भवन, तारा नगर डी, खिरणी फाटक रोड, जयपुर)

क्रमांक :- ज.स.अ./2025/17 दिनांक :- 15/04/2025

**निविदा सूचना सं.- 28-31/2025-26**

केन्द्र एवं राज्य सरकार के सभी विभागों में पंजीकृत "AA" "A" श्रेणी के ठेकेदारों एवं नगर निगम जयपुर के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से बिड अधि0 अभि0 (झोटवाडा जोन) से सम्बन्धित विकास कार्यो की निविदा आमंत्रित की जा रही है। कार्यो की अनुमानित लागत, टेण्डर बेचे जाने तथा प्राप्त करने की तारीख, टेण्डर शर्त आदि सम्पूर्ण विवरण दिनांक 10.04.2025 09.00 A.M. से नगर निगम, जयपुर की वेबसाईट www.jaipurmc.org व राजस्थान सरकार के पोर्टल http://sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है व अपलोड की जा सकती है। स्टेट पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल का Unique Bid Number (UBN) JMC2526WSOB00184 To JMC2526WSOB00187 हैं।

राज.संवाद/सी/25/798

अधिशाषी अभियंता (झोटवाडा जोन), नगर निगम ग्रेटर जयपुर

**bida** BHIWADI INTEGRATED DEVELOPMENT AUTHORITY

**भिवाड़ी इंटिग्रेटेड विकास प्राधिकरण**

एच-5, भगतसिंह कॉलोनी, भिवाडी, अलवर, दूरभाष :- 01493-230819

ई-मेल :- bida.bhiwadi@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- बीड़ा/अभि./213 दिनांक :- 10/04/2025

**Notice Inviting Bid**

Bid for "बीड़ा द्वारा भिवाड़ी में निर्मित डिवाईडरो का रखरखाव का कार्य, बीडा के बीकेटी क्षेत्र मे विभिन्न स्थानो पर दिवार डिजाइन पेटिंग का कार्य, बीडा के बीकेटी क्षेत्र मे पम्प व टेंकर किराये पर लेने का कार्य, बीडा की प्रस्तावित बावडी आवास योजना नीमराणा की चारदीवारी का निर्माण कार्य, समतल चौक से नीलम चौक के मध्य आरसीसी नाली, डिवाईडर मरम्मत एवं फुटपाथ निर्माण का कार्य" is invited from interested Bidders up to 12.00 Noon date 23.04.2025. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.raj.nic.in of the state; and https://bida.rajasthan.gov.in departmental website.

UBN : BDA2526WSOB00003, BDA2526WSOB00004, BDA2526WSOB00005, BDA2526WSOB00006, BDA2526WSOB00007

Raj.Samwad/C/25/810 Executive Engineer

**राजस्थान धरोहर प्राधिकरण**

भू-तल, पर्यटन भवन, संजय मार्ग (विधायकपुरी थाने के सामने), खासा कोठी, जयपुर-302001,

Tel:-0141-2615648/40, E-Mail : rhppa.jaipur@gmail.com

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26**

निम्नलिखित कार्यों के लिए अनुभवी कंसलटेंट फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रु.) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender for Consultancy Services for-Preparation of Detailed Project Report for Development of Tourist Facilities and Parikrama Marg for Brij Chourasi Kos in the state of Rajasthan. UBN / RFP Code: HPP2526RFP0001 | 65.00 Lakh | 3 Months |

निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। इच्छुक निविदादाताओं को अपने डिजीटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाइट http://eproc.rajasthan.gov.in पर रजिस्टर करवाना आवश्यक है।

राज.संवाद/सी/25/816

मुख्य कार्यकारी अधिकारी

आज़ादी का अमृत महोत्सव 150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, जिला ग्रामीण खण्ड द्वितीय, बीकानेर**

पी.एच.ई.डी. कैम्पस, इण्डस्ट्रीयल एरिया, के.जी. कॉम्पलेक्स के पास, रानीबाजार, बीकानेर (334001)

फोन-0151-2226475 ई-मेल pheddriibka@gmail.com, eediv2.bik, phed@rajasthan.gov.in Latitude 28.0005250 Longitude 73.3249120

क्रमांक-51-59 **Notice Inviting Bid :- 01 to 16/2025-26** दिनांक-04.04.2025

Bid for various works are invited to registered interested bidder upto 21-04-2025 at 18.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http:/eproc.rajasthan.gov.in" of the state. The approximate value of the procurement of Rs. 274.47 lacs.

| NIT No. | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| UBN No. | PHE2526 WSOB00657 | PHE2526 WSOB00659 | PHE2526 WSOB00660 | PHE2526 WSOB00661 | PHE2526 WSOB00662 | PHE2526 WSOB00664 | PHE2526 WSOB00665 | PHE2526 WSOB00666 |
| NIT No. | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 |
| UBN No. | PHE2526 WSOB00667 | PHE2526 WSOB00668 | PHE2526 WSOB00669 | PHE2526 WSOB00670 | PHE2526 WSOB00671 | PHE2526 WSOB00672 | PHE2526 WSOB00673 | PHE2526 WSOB00674 |

(नरेश कुमार रैगर) अधिशाषी अभियंता
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग,
जिला ग्रामीण खण्ड-II, बीकानेर

DIPR/C/5121/2025